बिहार लोक सेवा आयोग
63वीं मुख्य परीक्षा
(सामान्य हिन्दी)
प्रैक्टिस पेपर-II

अनुदेश:

- उपान्त के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं।
- परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
- एक ही प्रश्न के विभिन्न खंडों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जाएँ तथा उनके बीच में अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जाएँ।

समय : 3 घंटे **पूर्णांक : 100**

1. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग 500 शब्दों में निबंध लिखिए: 30

(क) ग्लोबल वार्मिंग

(ख) आतंकवाद और विश्व शांति

(ग) भारतीय लोकतंत्र का वर्तमान परिदृश्य

(घ) भ्रष्टाचार की समस्या और समाधान

(ङ) देशभक्ति या देश प्रेम

(च) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का महत्व

2. निम्नलिखित अवतरण का **एक-तिहाई** शब्दों में सार लिखते हुए उसका उपयुक्त शीर्षक दीजिए: 15

विश्वासपात्र मित्र जीवन का एक औषध है। हमें अपने मित्रों से यह आशा रखनी चाहिये कि वे उत्तम संकल्पों से हमें दृढ़ करेंगे, दोषों और त्रुटियों से हमें बचाएंगे, हमारे सत्य, पवित्रता और मर्यादा के प्रेम को पुष्ट करेंगे, जब हम कुमार्ग पर पैर रखेंगे, तब वे हमें सचेत करेंगे, जब हम हतोत्साहित होंगे, तब हमें उत्साहित करेंगे। सारांश यह है कि हमें उत्तमतापूर्वक जीवन-निर्वाह करने में वे हर तरह से सहायता देंगे। सच्ची मित्रता में उत्तम वैद्य की सी निपुणता और परख होती है तथा जैसे एक अच्छी माता में धैर्य एवं कोमलता विद्यमान होती है, वैसे ही गुण एक सच्ची मित्रता में विद्यमान होते हैं। ऐसी ही मित्रता करने का प्रयत्न प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिये।

3. निम्नलिखित सभी अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए: $1 \times 10 = 10$

(क) तुम्हारी आवाज कान में सुनाई पड़ी।

(ख) मोहन को पचास रुपया चाहिए।

(ग) बाज़ार में भारी-भरकम भीड़ जमा थी।

(घ) वह गाने की कसरत कर रहा है।

(ङ) कई सरकार के कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई।

(च) तुम तुम्हारे घर चलो।

(छ) उसने मेरे से यह बात कही।

(ज) यह पुस्तक बड़ी सुंदर है।

(झ) वह शुद्ध गाय का दूध पीता है।

(ञ) लड़का ने पत्र लिखा।

4. निम्नलिखित मुहावरे-लोकोक्तियों में से किन्हीं **पाँच** का अर्थ बताते हुए उन्हें वाक्यों में प्रयुक्त कीजिए: $3 \times 5 = 15$

(क) अंडा सेना

(ख) अंधे की लाठी

(ग) अगर-मगर करना

(घ) अंधे के हाथ बटेर लगना

(ङ) आँख का काजल बनाकर रखना

(च) आकाश-पाताल एक करना

(छ) इशारे पर नाचना

(ज) ईंट से ईंट बजाना

(झ) ओखली में सिर देना

(ञ) कोल्हू का बैल होना

5. संधि की परिभाषा देते हुए उसके भेदों को सोदाहरण लिखिए। 10

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। $1 \times 5 = 5$

(क) मछली

(ख) सिंह

(ग) नदी

(घ) पत्थर

(ङ) आम

(च) कपड़ा

(छ) घर

(ज) रात

(झ) दुर्गा

(ञ) भ्रमर

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखकर उन्हें वाक्यों में प्रयोग कीजिए: $1 \times 5 = 5$

(क) जो कठिनाई से मिलता है

(ख) जिसका शत्रु पैदा न हुआ हो

(ग) वन में लगने वाली आग

(घ) जिसकी पूर्व से कोई आशा न हो

(ङ) जो स्मरण करने योग्य है

(च) जिसके हृदय में ममता नहीं है

(छ) जो मुकदमा दायर करे

(ज) जीने की प्रबल इच्छा

(झ) ऐसा कवि जो तत्काल रचना करता हो

(ञ) बहुत अधिक बोलने वाला

8. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** समासों के समस्त पदों का विग्रह करते हुए समास बताइए: $1 \times 5 = 5$

(क) नेत्रहीन

(ख) प्रतिदिन

(ग) बेकाम

(घ) महाकवि

(ङ) पाप-पुण्य

(च) नराधम

(छ) दोपहर

(ज) देश-विदेश

(झ) चौराहा

(ञ) माखनचोर

9. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** उपसर्गों को चुनकर प्रत्येक से दो-दो शब्द बनाइए: $1 \times 5 = 5$

(क) अधि

(ख) अनु

(ग) अव

(घ) उप

(ङ) नि

(च) परि

(छ) पुरा

(ज) आ

(झ) अप

(ञ) प्र